आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अब भाजपा की नजरें नव मतदाताओं पर

पार्टी के पक्ष में मतदान की बन रही रणनीति, इसको लेकर चल रही है बैठकें

- प्रदेश में करीब 20 लाख नए मतदाता वोटर लिस्ट से जुड़े
- 20 जनवरी से 11 फरवरी तक नव मतदाता अभियान के द्वारा जोड़े जाएंगे युवा

जयपुर। भाजपा की ओर से विधनसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों को देखते हुए अब भाजपा प्रदेश के नव व युवा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए नव मतदाता अभियान चलाकर उन्हे अपने पक्ष में कर रही है। इस अभियान के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में पिछले दिनों बैठकें हो चुकी हैं और सभी जिलों में भी बैठकें जल्द की जाएगी। इसके लिए नव मतदाता अभियान के लिए संयोजक और सह संयोजक भी लगाए गए हैं। वोटर लिस्ट में जुड़े करीब 20 लाख नए मतदाताओं को पार्टी अपनी ओर खींचेगी। इसके लिए नव मतदाता अभियान चलाया जाएगा।

पार्टी का मकसद है कि अगर ये वोटर भाजपा खेमे में आ जाएं तो पार्टी को जीत से कोई नहीं रोक सकता है। पार्टी नव मतदाता अभियान के तहत इन युवा मतदाताओं के बीच जाएगी। मोदी सरकार की ओर से युवाओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं का खाका इन युवाओं के समक्ष रखा जाएगा और बताया जाएगा कि अगर भाजपा की सरकार आती है तो राजस्थान में भी युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जाएंगी। खासकर रोजगार पर फोकस किया जाएगा, ताकि बेरोजगारी को दूर किया जा सके। अभी बेरोजगारी के मामले में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। इस अभियान में एक वरिश्ठ भाजपा कार्यकर्ता के साथ एक महिला और एक युवा कार्यकर्ता को लगाया गया है। ये सभी विधानसभा और मंडल स्तर तक लगाएगे। इन सभी की जिला स्तर की कार्यशालाएं 20 जनवरी से पहले की जाएगी। इसके बाद तीन चरणों में इस नव मतदाता अभियान को चलाया जाएगा। प्रथम चरण 21 से 28 जनवरी तक सर्वजनिक स्थानों पर किया जाएगा। जिसमे मडल स्तर पर चौराहे, व्यापार मंडल आदि सर्वाजनिक स्थानों पर कैनोपी लगाकर आने वाले लोगों को जोड़ा जाएगा। द्वितीय चरण 29 जनवरी से 4 फरवरी तक कॉलेज आदि स्थानों पर युवा मोर्चा के द्वारा किया जाएगा। तीसरे चरण में संगठनात्मक स्तर पर प्रत्येक बूथ शक्ति कैन्दों के स्थान पर होगा और नव मतदाताओं को ऑनलाइन जोड़ा जाएगा और 11 फरवरी को इस अभियान का समापन होगा।

गौरतलब है कि वोटर लिस्ट में जुड़े नए मतदाताओं में 10 लाख 18 हजार 685 महिला और नौ लाख 70 हजार 497 पुरुष मतदाता हैं। अब राज्य में मतदाताओं को कुल संख्या पांच करोड़ 11 लाख 64 हजार 685 हो गई है। इसके साथ ही जिलों में बढ़े मतदाताओं में अजमेर में 68495, अलवर में एक 37742, बांसवाड़ा में 48351, बारां में 36544, भरतपुर में 73419, भीलवाडा में 75940, बीकानेर में 62426, बूदी में 86454, चित्तोडगढ में 32825, चूरु में 44522, दौसा में 55680, धौलपुर में 37500, डूंगरपुर में 50446, गंगानगर में 62046, हनुमानगढ़ में 50188, जयपुर में 171751, जैसलमर में 15778, जालौर में 53244, झालावाड़ में 35442, झूण्झूनू में 63031, जोधपुर में 82544, करौली में 50750, कोटा में 38134, नागौर में 129025, पाली में 61817, प्रतापगढ़ में 23790, राजसमन्द में 27442, सवाई माधोपुर में 46620, सीकर में 85558, सीरोही में 34840, टोक में 39267, उदयपुर में 77304 नव मतदाता जुड़े है। इन सभी पर भाजपा का पूरा फोकस रहेगा की आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा के पक्ष में वोट कर सके। देश में 2024 में लोकसभा चुनाव भी हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव में नव मतदाता भाजपा की तरफ आए तो लोकसभा चुनाव में भी इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। 2018 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच 1.5 लाख वोटों का अंतर था। नव मतदाता भाजपा में मिलते हैं तो जीत में आसानी होगी।

पेपर लीक मामलों की सी.बी.आई.जांच को लेकर रा.लो.पा. का प्रदर्शन

प्रदेश में पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने मंगलवार को सिविल लाइंस फाटक पर सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

- बेरीकेड्स पर चढ़े सांसद हनुमान बेनीवाल

जयपुर (कासं)। प्रदेश में पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने मंगलवार को जयपुर में प्रदर्शन किया। शहीद स्मारक पर सभा के बाद सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस की तरफ कूच किया। मगर पुलिस ने उन्हें सिविल लाइन फाटक पर ही रोक लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान बेनीवाल बेरीकेड्स पर चढ़ गए। यह घटनाक्रम करीब 20 मिनट चला। इसके बाद कार्यकर्ता वहां से रवाना हो गए। अब 19 जनवरी को अवैध बजरी खनन के खिलाफ बालोतरा में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन से पहले शहीद स्मारक पर सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान हनुमान बेनीवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री को इस बात का डर है कि अगर मामले की जांच सीबीआई करेगी तो उसकी आंच सीएमओ तक जरूर आएगी, क्योंकि पेपर लीक में सीएमओ के सीधी तार जुड़े हुए हैं। अगर सरकार को लगता है कि पेपर लीक मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच हो रही है, तो फिर तमाम राजनीतिक विपक्षी दलों की मांग को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रकरण की जांच के लिए सीबीआई को अनुशंसा क्यों नहीं कर रहे हैं। बेनीवाल ने कहा कि यह जो आज राजधानी जयपुर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। यह तो एक छोटा सा ट्रेलर है, अगर सरकार ने सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं की तो राजधानी जयपुर को घेरने के लिए भी आरएलपी तैयार है।

हिरण की श्रद्धांजलि सभा आज

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के निमंत्रित सदस्य, ज्येष्ठ प्रचारक हस्तीमल हिरण का शनिवार निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने देहदान का संकल्प ले रखा था। बुधवार को जयपुर में उनको श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया जाएगा।

दुष्कर्म के अभियुक्त को बीस साल की कैद

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ मोनू को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर सात हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। इसके साथ ही अदालत ने मेडिकल साक्ष्य और डीएन रिपोर्ट के आधार पर माना कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 4 जनवरी 2021 को मुरलीपुरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि रात को उसकी नाबालिग बेटी बाहर के कमरे में सो रही थी। उसकी दादी ने जब रात 12 बजे करीब देखा तो वह कमरे में नहीं मिली। उसकी कॉपी में एक मोबाइल नंबर मिला, जो आरोपी मनोज का था। वे मनोज के घर गए तो उसने पीड़िता को कमरे में छिपा रखा था। वहीं पीड़िता ने कहा कि मनोज उसे मोटरसाइकिल से घर से लाया है और उसके साथ गलत काम किया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

वहीं ट्रायल के दौरान पीड़िता अपने बयानों से मुकर गई और कहा कि अभियुक्त ने उसके साथ कोई गलत काम नहीं किया है, लेकिन कोर्ट ने डीएनए व मेडिकल साक्ष्य में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर अभियुक्त को बीस साल कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है।

रिश्वत में अस्मत मांगने के मामले में बर्खास्त डीएसपी बोहरा को जमानत

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता के केस में कार्रवाई करने की एवज में रिश्वत में उसकी अस्मत मांगने के आरोपी बर्खास्त डीएसपी कैलाश बोहरा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस पंकज भंडारी की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी कैलाश बोहरा की ओर से पेश जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने अलग-अलग लोगों के खिलाफ यौन संबंधों को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने पीड़िता के समझौते के आधार पर एफआर पेश कर दी। वहीं इस प्रकरण में आरोपी एक साल और दस माह से जेल में बंद है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ देना उचित है।

जमानत याचिका में अधिवक्ता वीआर बाजवा ने प्रकरण में आरोप पत्र पेश किया जा चुका है और अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता के बयान भी दर्ज हो चुके हैं। पीड़िता के बयानों में भी याचिकाकर्ता के खिलाफ अपराध बनने का तत्व गठित नहीं होता है। याचिकाकर्ता की ओर से संबंधित महिला के खिलाफ ब्लैकमेल करने का मामला भी दर्ज कराया गया है। वहीं प्रकरण में वह करीब दो साल से जेल में बंद है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

सराफ ने 1500 गर्म कंबल भेंट किये

जयपुर। मालवीय नगर विधायक एवं पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से प्रदत्त 27 लाख रुपये लागत से सवाई मानसिंह अस्पताल में 1500 गर्म कंबल मरीजों के लिए एसएमएस अधीक्षक को भेंट किए। अस्पताल अधीक्षक डॉ अचल शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक सराफ की अभिनव पहल है इन 1500 कंबलों को अस्पताल में भर्ती मरीजों को बांटे जाएंगे जिससे सर्दी में उनको राहत मिलेगी।

जे.एल.एफ. में विज्ञान, तकनीक और एआई पर होगी चर्चा

जयपुर, (का.सं.)। दुनिया के सबसे करिश्माई लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 19 से 23 जनवरी, को गुलाबी नगरी जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में होने जा रहा है। इस साल, फेस्टिवल के 16वें संस्करण में, विज्ञान, तकनीक और एआई की दुनिया के विशेषज्ञ इन जटिल विषयों पर रौशनी डालेंगे।

प्रोग्राम की विविधता के साथ, फेस्टिवल के एक सत्र में पुरस्कृत खोजी पत्रकार विद्या कृष्णन से संवाद करेंगे वस्कुलर सर्जन और लेखक अम्बरीश सात्विक। सत्र के दौरान, कृष्णन अपनी नई किताब, फैटम प्लेग: हाउ ट्यूबरक्लोसिस शेप्ड आवर हिस्ट्री, के माध्यम से बतायेंगी कि विभिन्न बीमारियों के उपचार ने कैसे मानवजाति को प्रभावित कर, विकास में योगदान दिया। एक अन्य सत्र में, जाने-माने कैंसर चिकित्सा विज्ञानी, जीवविज्ञानी और पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित लेखक, सिद्धार्थ मुखर्जी, अपनी नई किताब, द सोंग ऑफ़ द सेल के माध्यम से हमारे अंगों की सबसे छोटी और महत्वपूर्ण ईकाई के बारे में बताएँगे।

'बुचारा बांध की लुटती असमत बचा लो सरकार'

कोटपूतली, (निसं)। एक ओर जहां सरकार गिरते जल स्तर व लोगों की प्यास बुझाने के उद्देश्य को लेकर जल स्वालम्बन को बढ़ावा देने के लिए जोहड़ खुदाई सहित बरसात के बहते जल को रोकने के लिए प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम बुचारा स्थित करीब 300 वर्ष पुराने करीब 36 किलोमीटर में बने बुचारा बांध का अस्तित्व वर्तमान में सरकार की अनदेखी के चलते खनन माफियाओं व गुंडा तत्वों की शरण स्थली बन गया है।

विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राज पुरोहित को ज्ञापन सौंपा।

- मुख्यमंत्री से लेकर राहुल गांधी तक खनन माफियाओं पर लगाम लगाने की गुहार निष्फल
- ग्रामीणों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बुचारा बांध की असमत बचाने के लिए अलवर में लगाई थी गुहार
- चार दिवसीय पदयात्रा भी रही बेअसर, अब ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर का खटकटाया दरवाजा

जिसके चलते बेखौफ खनन माफिया ऊंची रसूखात व प्रशासनिक सांठ-गांठ से इस बांध की अस्मत लूट रहे हैं। बावजूद इसके की विगत दिनों राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 20 दिसम्बर को अलवर में विभिन्न सामाजिक संगठनों से अवैध खनन को लेकर हुए राहुल गांधी के संवाद के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को खनन माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था जिसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने वहां मौजूद लोगों को उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया था।

लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के बाद ग्रामीणों ने 4 दिवसीय पदयात्रा निकाल कर सरकार व प्रशासन को उक्त बांध की अस्मत बचाने की गुहार लगाई थी। साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर अनिश्चित कालीन धरने की भी चेतावनी दी थी और अब एक बार फिर खनन ग्रस्त संघर्ष समिति कोटपूतली व जयपुर जिला भर के किसान संगठनों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राज पुरोहित से मिलकर विरासत कालीन धरोहर बुचारा बांध को खनन माफिया से बचाने की गुहार लगाई है। जिसमें राधेश्याम शुक्लावासस ने बताया कि बुचारा बांध राजस्थान की वह पहचान है जो जयपुर से लेकर पटौदी (हरियाणा) तक के किसानों को जिंदगी व रोजगार देता रहा है। आज बुचारा बांध पर खनन माफिया की नजर लग चुकी है। बुचारा बांध की पाल (डोल) सहित पूरे केचमेंट एरिया को खनन माफिया अवैध तरीके से जबरन लूट रहा है। इसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ गैंगस्टर, माइनिंग की रॉयल्टी वसूली कंपनियां व सिंचाई विभाग, माइनिंग विभाग, पुलिस, प्रशासन की मिलीभगत से हमारी विरासत कालीन धरोहर बुचारा बांध को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। लोगों का कहना है कि खनन माफिया बुचारा बांध को नहीं,बल्कि किसानों की अस्मत को लूट रहा है। सरकार एक तरफ तो नहर परियोजना लाना चाहती है तथा दूसरी ओर बांधों का अस्तित्व नष्ट करने पर आमदा है।

किन्तु खनन माफियाओं की ऊंची रसुखात व सांठ-गांठ तो देखिए इतना सब होने के बावजूद भी आखिर सब बेअसर क्यों है? क्या यहां खान विभाग के तमाम अधिकारी से लेकर प्रशासनिक तंत्र तक खनन माफियाओं की कठपुतली बन गया है? आखिर लम्बे समय से इस 36 किलोमीटर बांध की परिधी में किये जा रहे खनन की खैर-खबर क्यों नहीं ली गई? क्या 300 साल पहले राजा मानसिंह ने इस बांध को खनन माफियाओं की शरण स्थली बनने के लिए बनाया था? यदि नहीं तो इस बांध की अस्मत बचा लो हे गहलोत सरकार!

डिग्गी कस्बे के दर्जनों मकानों में आई दरारें

मालपुरा, (निसं)। डिग्गी कस्बे के दर्जनों मकानों में दरारें आ जाने से भयभीत ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौंप मामले की जांच व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

- नागरिकों ने एसडीएम से लगाई सुरक्षा की गुहार

ज्ञापन में बताया कि जलदाय विभाग की लाइनों में हो रहे रिसाव के कारण पूर्व में भी कल्याणजी मंदिर के पीछे मकानों में दरारें आ जाने से मकान क्षतिग्रस्त हो गये थे। अब कस्बे के वार्ड नम्बर 12 में गणेश खाती, बद्री माली, पप्पू बाबर, छीतर खारोल, कुम्हार समाज की धर्मशाला सहित दर्जनों मकानों में जगह-जगह दरारें आ जाने से पीड़ित मकान मालिकों ने अपने स्तर पर जांच करवा दरारें आने का कारण जानने का प्रयास किया लेकिन मकानों में दरारे आने का क्रम बदस्तूर जारी है।

एसडीएम ने लोगों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता बताते हुए तत्काल सार्वजनिक निर्माण विभाग व जलदाय विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट तत्काल देने के आदेश दिये। आदेश पर पीडब्ल्यूडी विभाग के एइएन व जलदाय विभाग के अधिकारियों ने नायब तहसीलदार के साथ वार्ड नम्बर 12 में पहुंच मकानों में आई दरारों का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मंगलवार की देर शाम डिग्गी पहुंचे एसडीएम रामकुमार वर्मा ने भी मकानों में आई दरारों का निरीक्षण किया।

110 छात्रों को स्वेटर बांटे

पावटा, (निसं)। उडान सेवा समिति ने ग्राम भूरी भडाज के तीन राजकीय विद्यालयों में धालेडा, मोहनदास वाली, भडाज बस्ती में सर्दी के मौसम में जरूरतमंद 110 विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते- जुराब वितरित किए। उडान सेवा समिति के सदस्यों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से सर्दी के मौसम में स्कूली बच्चों तथा अन्य जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र बांटने का कार्य कर रही है।

सिन्धु नगर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लि., जयपुर
1434, भूप टीबा, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, जयपुर 302001
Ref No. SNCHS/2023/09 **आम सूचना** दि. 12/01/2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्याम सुन्दर खत्री पुत्र श्री रामचरण खत्री निवासी 69, बिलूची नगर, बैनाड़ रोड़, जयपुर हाल निवासी 63, भगवान नगर 31, बालाजी इंजीनियर कॉलेज के पीछे, बैनाड़ रोड़, हरमाड़ा, जयपुर ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र, गुमशुदगी एल.आर. नम्बर 1690318/2023 दिनांक 11/01/2023 को साईबर पुलिस थाना में प्रस्तुत कर समिति की योजना श्री गोपाल नगर, बैनाड़ रोड़, जयपुर में भूखण्ड संख्या एम-45, क्षेत्रफल 50 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नही होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा। (अध्यक्ष)

सिन्धु नगर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लि., जयपुर
1434, भूप टीबा, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, जयपुर 302001
Ref No. SNCHS/2023/10 **आम सूचना** दि. 12/01/2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शांती देवी पत्नी श्री प्रताप सिंह निवासी प्रताप डेयरी, झोटवाड़ा, जयपुर हाल निवासी 15, महादेव नगर, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र व गुमशुदगी सूचना क्रमांक 369 दिनांक 05/07/2009 को पुलिस थाना झोटवाड़ा, जयपुर में प्रस्तुत कर समिति की योजना स्कीम नम्बर 10 (शक्ति नगर), निवारू रोड़, जयपुर में भूखण्ड संख्या 145, क्षेत्रफल 300 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नही होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा। (अध्यक्ष)

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम रोहित गोयल से बदलकर रोहित कुमार गोयल पुत्र महावीर प्रसाद मिरणका (Miranka) व माता वंदना देवी मिरणका (Miranka) रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये। पताः 75, सागर सदन, विवेक विहार, नियर संजीवनी हॉस्पिटल, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर राजस्थान 302019

मेरे पुत्र के मूल दस्तावेजों में उसका नाम अभिषेक Abhishek है व मेरे सर्विस रिकॉर्ड में अभिषेक Abhishekh लिखा गया जो गलत है भविष्य में इसे अभिषेक Abhishek पुत्र सुभाष कुमार जाति जाट निवासी जोरावरनगर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान के नाम से जाना जावे।

I have changed my name Naznin Begam to Nazneen Begum W/o Abdul Shakoor. Now I will be known my new name Nazneen Begum. Address H.No. 3311, Mohalla Silwatan, Chowkri Ramchandra Ji Ki, Jaipur, Rajasthan-302002.

I have changed my name from Sharma abhishek pawan to Sharma Abhishek S/o Pawan kumar for all future purposes. Resident- 9, village Tatiyawas, Amer, Jaipur Rajasthan

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

राजगढ़, (निसं)। पिनान ग्राम निवासी गोपाल माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बेटा विश्वनाथ एवं उसकी पत्नी धप्पी देवी राजगढ़ गए थे जो 17 जनवरी को दोपहर बाद वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने पर वह साइड में उल्टी कर रही थी। इसी समय नांगल गांव की ओर से एक बाइक सवार ने तेजी से उसकी पत्नी को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

टोंक, (निसं)। भीम आर्मी ग्रुप एवं मोहम्मदनगर (बडकांवाली) के ग्रामवासियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का मुख्य अतिथि रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान एवं भीम आर्मी सेना के प्रवक्ता शोएब खान ने अनावरण किया।

ग्रामीणों ने तूड़ी एकत्रित कर उस राशि से बाबा साहेब की प्रतिमा बनवाई। इस मौके पर रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने कहा कि मैं खुशनसीब हूं कि मुझे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने का मौका मिला है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय बैरवा महासभा के सरंक्षक सुखलाल आर्य, भीम सेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष राकेश बैरवा रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सरपंच ने चरागाह भूमि में बने निर्माण की कराई रजिस्ट्री

लालसोट, (निसं)। पंचायत समिति क्षेत्र की चादसेन ग्राम पंचायत में पिछले कई दिनों से चल रहे अवैध अतिक्रमण विवाद में अब नया मोड़ आया है।

- रजिस्ट्री कराने के कागजात हुए सार्वजनिक
- अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ चुकी हैं महिला सरपंच

चादसेन ग्राम पंचायत की मौजूदा सरपंच कौशल्या देवी ग्राम पंचायत क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग पर टंकी पर चढ़ीं थी और खुद की मांगें मनवाने के लिए प्रशासन से लिखित समझौता किया था। लेकिन चांदसेन सरपंच कौशल्या देवी द्वारा ही मौजूदा समय में चरागाह किस्म भूमि में बने निर्माण की रजिस्ट्री कराने के कागजातों के सार्वजनिक होने के बाद खुद सरपंच भी फंसती नजर आ रही है।

वहीं सरपंच के विरोधियों द्वारा महिला सरपंच ने चरागाह भूमि में हुए निर्माण की गलत तरीके से कराई रजिस्ट्री के दस्तावेजों को सार्वजनिक कर महिला सरपंच द्वारा किए गलत कार्य पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

महिला सरपंच द्वारा चरागाह किस्म की भूमि का तहसील में गलत तरीके से रजिस्ट्री कराने के कागजात सामने आने के बाद खुद के हक एवं इमानदारी की लड़ाई लड़ रही सरपंच कोशल्या देवी की नियत पर ही अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर चांदसेन ग्राम पंचायत में हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर पहले उस जगह पट्टा जारी करने वाले पूर्व सरपंच शंभू लाल यादव के पुत्र राहुल यादव व एक अन्य व्यक्ति द्वारा हाईकोर्ट में इन अतिक्रमण मामले को लेकर अपील दायर करने के बाद चादसेन ग्राम पंचायत का अतिक्रमण हटाओ मामले में और ज्यादा रोचकता आई है।

वहीं अपील दायर होने के बाद हाईकोर्ट द्वारा राजस्व विभाग से जानकारी लेने के बाद अब राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत द्वारा भी चादसेन ग्राम पंचायत में हो रहे अवैध अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं इस मामले को लेकर पूर्व सरपंच शंभू लाल यादव द्वारा कहा गया कि उनके समय जब पट्टा जारी किया गया था तो वह भूमि की किस्म आबादी थी। उनके बाद बनी पंचायत कोरम द्वारा तरमीम कराके उस भूमि की किस्म को राजनैतिक तौर पर बदलवाया गया है। वहीं पूर्व सरपंच शंभू लाल यादव के बाद बने सरपंच सीताराम बैरवा द्वारा कहा गया कि उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा कभी ना तो तरमीम कराई गई ना ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में भूमि की किस्म बदलने के लिए प्रशासन से मांग की गई।

वहीं चादसेन ग्राम पंचायत में पूर्व बने पट्टों के आधार पर बिना मौजूदा किस्म स्थिति देखे ही उन पट्टों का नवीनीकरण कर तहसील में रजिस्ट्री कराने वाली मौजूदा सरपंच कौशल्या देवी का कहना है कि उनके द्वारा मौजूदा पट्टे के आधार पर ही रजिस्ट्रेशन तहसील में करवाया गया है। बरहाल सरपंच जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए एवं क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त कराने की रोल माडल बनी सरपंच कौशल्या देवी द्वारा ग्राम पंचायत में चरागाह किस्म की भूमि पर बने निर्माण की तहसील में कराई गई रजिस्ट्री सरपंच की गलफास बनने के साथ छवि प्रभावित होती रही है साथ ही वही इस मामले को लेकर स्थानीय राजनीति भी सर्दी में गर्म होती नजर आ रही है।

खोया पाया

आवास 42/64/04, वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर के मूल इकरारनामा एवं वसीयतनामा वरूण पथ, मानसरोवर के आस पास कहीं खो गये है कृपया मिलने पर सूचित करें 8209815889

मेरे आवास 22, गणेश विहार कॉलोनी, टीबा वाली ढाणी, कपुरावाला, सांगानेर, जयपुर के मूल रजिस्ट्री/ विक्रय पत्र जो कि1000/-रु. के स्टाम्प पेपर नं. D797540, उप पंजीयक कार्यालय सांगानेर द्वितीय में क्रमांक नं.201503025107964 दिनांक 22.12.2015 को रजिस्टर्ड है, कहीं खो गये है कृपया मिलने पर सूचित करें 8426890991

सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
क्र:एफ-13( ) उपा.आयो.द्वि./ ननिज/2022/1932 दि.12.01.23
भूखण्ड संख्या 56, सूर्य नगर(भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि.) जयपुर का जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री रणजीत सिंह शेखावत पुत्र श्री पूर्ण सिंह शेखावत को क्षेत्रफल 196.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजि. पट्टा मय साइट प्लान की फोटोप्रति, मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का रजि. विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 13.07.2006 को श्रीमती राजकुमार यादव के पक्ष में क्षेत्रफल 196.66 वर्गगज का बेचान किया गया। श्रीमती श्रीमती राजकुमार यादव पत्नी श्री अर्जुन लाल यादव ने दिनांक 18.10.2006 को जरिये रजि. विक्रय पत्र द्वारा श्री गोपाल सिंह पालावत के पक्ष में बेचान किया गया श्री गोपाल सिंह पालावत दिनांक 02.06.2011 को जरिए रजि. विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती अल्का पालावत पत्नी श्री जगदीश सिंह के पक्ष में बेचान किया गया। श्रीमती उमा रत्नू पतसनी श्री मानसिंह रत्नू के पक्ष में उपहार किया गया। श्रीमती उमा रत्नू द्वारा दिनांक 01.08.2017 को जरिए रजि. विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती प्रेमलता शर्मा को बेचान किया गया। श्रीमती प्रेमलता शर्मा ने नगर निगम जयपुर के पत्रांक 442 दिनांक 24.12.2018 द्वारा स्वयं के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी करवा लिया गया। प्रकरण में आवेदिका द्वारा उक्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रतियां एवं अन्य सेल दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार पर उक्त भूखण्ड का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहा है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई मूल दस्तावेजों की फोटोप्रतियों के आधार पर श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा के पक्ष में उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 196.66 वर्गगज का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, आयोजना- द्वितीय), में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पत्रावली लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (आयोजना द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर